बाल मेले में बच्चों व अभिभावको ने लिया व्यंजनों का आनंद

संवाद सूत्र, अनूपशहर : जेपी विद्या मंदिर (यूसी) में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने अनेक खाद्य पदार्थों व गेम की दुकानें लगाई। विद्यालय के प्रबंधक गिरीश चंद्र ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में आत्मनिर्भरता बढ़ता है।

नगर के जेपी विद्या मंदिर यूसी में बाल मेले का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक गिरीश चंद्र ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आत्मनिर्भर बनकर जीवन जीने के प्रति समझ पैदा होती है। विद्यालय के मैदान में लगे मेले में अनेक स्टॉल लगे थे। अपनी दुकानों पर ग्राहकों को आकर्षित करने के

अनूपशहर के जेपी स्कूल में लगे मेले में लुफ्त उठाते अभिभावक • जागरण

लिए बच्चों द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा था। मेला में बच्चों के अभिभावकों द्वारा मुरादाबादी दाल, भलेपुरी, पावभाजी, सूप व ढोकला आदि पर स्वाद का तड़का लगा रहे थे। गेम लेट्स गो टू स्कूल, जलेबी रेस व हॉकी रेस आदि गेम में बच्चों की भीड़ थी। प्रधानाचार्य नीना चतुर्वेदी ने समस्त सहयोगियों का आभार प्रकट किया। अनिल यादव, प्रवीन सिंह, मोहन मेहरा, सचिन गर्ग, प्रवेंद्र कुमार, मनोज शर्मा, ब्रज कुमारी, संजय सिंह, प्रशांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बाल मेले के माध्यम से सिखाये व्यापार के हुनर

अनूपशहर | **हमारे संवाददाता**

नगर के जेपी विद्या मंदिर (विश्वविद्यालय कैम्पस) में बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों ने खाद्य पदार्थों व गेम आदि के स्टाल लगाये। विद्यालय के प्रबन्धक ग्रीश चन्द ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरण मिलेगी।

जेपी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य नीना चतुर्वेदी ने बताया कि बच्चों में व्यापार की रूचि पैदा करने के लिए बाल मेला का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक ग्रीश चंद ने फीता काटकर किया गया। उन्होने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के क्रिया कलापों से विद्यार्थियों में जीवन जीने के प्रति समक्ष पैदा करते है। इससे उनकी प्रबन्धन क्षमताओं का विकास होता है।

बाल मेला में बच्चों ने विद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर मुरादावादी दाल, भेलपूरी, पाव भाजी, ढोकला, मटर चांट, सूप गोल गप्पे आदि व्यंजनों के स्टाल लगाये जिसे देखकर मेला का दृष्य बना हुआ था। बच्चों ने विक्री बढाने के लिए ग्राहको को दो के साथ एक फ्री जैसी विभिन्न स्क्रीम भी दी। इस मौके पर अनिल यादव, प्रवीन सिंह, मोहन मेहरा, सचिन गर्ग, प्रवेन्द्र कुमार, मनोज शर्मा ब्रजक कुमारी, नमिता गौड़, संजय सिह, प्रशांत शर्मा रहे।